# कंवरसेन लिफ्ट के क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार के लिए 185 करोड़ स्वीकृत



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने लूणकरनसर में कंवरसेन लिफ्ट क्षेत्र के किसानों के साथ संवाद किया।

■ खालों के जीर्णोद्धार से सिंचाई के तीस प्रतिशत पानी की छीजत रूकेगी और अंतिम छोर तक बैठे किसान को पर्याप्त पानी मिलेगा, जिससे उत्पादकता बढ़ेगी

**बीकानेर,** (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार कंवरसेन लिफ्ट के क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार के लिए 185 करोड़ रूपए स्वीकृत हुए हैं।

इससे लूणकरनसर क्षेत्र के 35 गांवों के 26 हजार 248 हेक्टेयर क्षेत्र के 28 हजार काश्तकारों को प्रत्यक्ष लाभ होगा। खाद्य मंत्री ने कहा कि यह कार्य 31 पैकेज में होगा। पहले चरण में 9 पैकेज के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं। सभी कार्य मार्च 2027 तक पूर्ण कर दिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जायेगा।

कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के अलावा पांच-पांच जागरूक नागरिकों की चक समितियां गठित की गई है। यह सभी मिलकर समस्त कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता और समयबद्धता से करना सुनिश्चित करेंगे, जिससे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुसार हर गांव, ढाणी और खेत में बैठे किसान को पर्याप्त पानी मिले और प्रदेश का प्रत्येक किसान समृद्ध हो। खाद्य मंत्री ने सोमवार को जयपुर रोड स्थित गंगा रिसोर्ट में इंदिरा गांधी नहर परियोजना के कंवरसेन लिफ्ट क्षेत्र के किसानों के साथ आयोजित चर्चा और संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। खाद्य मंत्री गोदारा ने कहा कि क्षेत्र में खाले लगभग पचास साल पहले बने थे। ये अब पूर्णतया क्षतिग्रस्त हो गए थे। इससे 25 से 30 प्रतिशत तक पानी व्यर्थ जा रहा था। ऐसे में किसानों की समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री को खालों के जीर्णोद्धार के लिए आग्रह किया। उन्होंने वर्ष 2024-25 के बजट में इसकी स्वीकृति दे दी।

सभी औपचारिकताओं के साथ अब यह कार्य जल्दी ही धरातल पर उतरने वाला है। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा काम है, जिससे होने वाले जल बचत से इन गांवों के काश्तकार 45 करोड़ रूपए की अतिरिक्त फसलें ले पायेंगे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस वर्ष के बजट में कंवरसेन लिफ्ट नहर क्षेत्र के किसानों को प्रत्येक पम्पिंग स्टेशन के लिए 22 अतिरिक्त पम्प, 2 नई क्रेन और 2 ट्रांसफार्मर के लिए 14 करोड़ रूपए की स्वीकृति दी है। अब पम्पिंग स्टेशन पर मोटर खराब होने की स्थिति में अतिरिक्त मोटर की उपलब्धता से जलापूर्ति बाधित नहीं होगी। वहीं अतिरिक्त ट्रांसफार्मर से विद्युत संबंधी समस्या का समाधान होगा और एक ट्रांसफार्मर खराब होने की स्थिति में दूसरा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर पंद्रह सेकंड में काम करने लगेगा।

सुमित गोदारा ने बताया कि पुराने बने खालों में मिट्टी की ईटें उपयोग में ली गई थी। इनकी गुणवत्ता और उम्र कम होती है। अब खालों के जीर्णोद्धार में सीमेंट-कंक्रीट की ईटें बनेंगी, जो अधिक मजबूत होगी। लम्बे समय तक चलेगी और पानी का लोसेस कम होगा। उन्होंने कहा कि जल्दी ही यह कार्य प्रारम्भ होंगे। इसकी मॉनिटरिंग के लिए चक समितियां बनाई गई हैं। उन्होंने कहा कि यह समितियां, अधिकारियों के साथ कार्यों का समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ करवाने में समन्वय करेगी।

## ब्लैकमेल करने का केस दर्ज

**बीकानेर,** (कासं)। पेमासर गांव में लूटपाट की घटनाएं सामने आने लगी हैं। एक युवक को बंधक बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। घटना पेमासर गांव की दो साल पुरानी है, जिसका मुकदमा अब दर्ज कराया गया है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में दर्ज जीरो नंबर की प्राथमिकी के अनुसार किसमीदेसर निवासी अनिल गर्ग के साथ पांच अक्टूबर 2024 को लूटपाट की घटना हुई थी। किसी लड़की का फोन आने पर वह पेमासर गांव गया था, जहां एक मकान में उसे बंधक बना लिया गया। उसके साथ मारपीट की। दुष्कर्म के केस में फंसाने की धमकी देकर एक लाख रूपए मांगे। उसके पिता को भी फोन किया। बाद में ऑनलाइन 50 हजार रूपए आरोपियों को ट्रांसफर किए गए।

परिवादी ने सुनील, दिनेश, दुलीचंद और लड़की के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। परिवादी का कहना है कि पहले बदनामी के डर से वह सामने नहीं आया था। लेकिन ऐसी घटनाएं और भी लोगों के साथ हुई है। मुकदमे दर्ज होने के बाद डर कम हुआ है। गौरतलब है कि पिछले दिनों जयपुर रोड पर वृंदावन एनक्लेव के पास सीए हेतराम पूनिया के साथ लूट की वारदात करने वाले चार बदमाशों को पुलिस ने पकड़ा था। उनके मोबाइल में कई तरह के वीडियो मिले थे, जिनमें कुछ आपत्तिजनक भी थे।

### सार-समाचार

## दुर्लभ रोगों पर कार्यशाला

**बीकानेर,** (कासं)। भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, (एम्स) जोधपुर (बवम) दुर्लभ बीमारियों, सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के पीडियाट्रिक विभाग एवं बीकानेर पीडियाट्रिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में होटल मरूधर पैलेस परिसर में दुर्लभ बीमारियां, कारण व उपचार विषयक कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, रेजिडेंट चिकित्सकों ने हिस्सा लिया। पी.बी.एम. अस्पताल के बाल एवं शिशु रोग अस्पताल के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.जी.एस. तंवर ने बताया कि राजस्थान में दुर्लभ रोगों की स्थिति का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विश्वभर में लगभग 35 करोड़ लोग दुर्लभ रोगों से प्रभावित हैं, जिनमें से लगभग पांचवां हिस्सा भारत से है। उन्होंने जानकारी दी कि विश्व स्तर पर लगभग 7,000 प्रकार के दुर्लभ रोगों की पहचान की जा चुकी है, लेकिन इनमें से केवल 63 रोगों के लिए ही स्वीकृत उपचार उपलब्ध हैं। लगभग 80 प्रतिशत दुर्लभ रोग आनुवंशिक (जेनेटिक) होते हैं। किसी रोग को दुर्लभ तब माना जाता है जब वह 2,000 व्यक्तियों में से एक को प्रभावित करता है। कार्यशाला में अनेक वरिष्ठ शिशु रोग विशेषज्ञों ने सक्रिय भागीदारी की, जिनमें डॉ. पी. सी. खत्री, डॉ. सी. के. चाहर, डॉ. पी. के. बेरवाल, डॉ. रेणु अग्रवाल, डॉ. गौरव गोम्बर, डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. मुकेश बेनीवाल, डॉ. सारिका स्वामी, डॉ. एम. जी. चौधरी, डॉ. पवन दारा, डॉ. विजय चलाना, डॉ. अनिल दूसा, डॉ. ओ. पी. चाहर, डॉ. गौरीशंकर जोशी, डॉ. गिरीश प्रभाकर, डॉ. मोहन काजला, डॉ. कुलदीप बिठू, डॉ. सी. के. चाहर शामिल थे। डॉ.महेश शर्मा, डॉ.एम.जी.चौधरी, डॉ. संतोष खजोटिया, डॉ. स्वाति कोचर तथा डॉ. मोनिका सोनी शामिल रहे।

## पारा 32 के पार, फसलें मुरझाने से किसान चिंतित

**अरजनसर,** (कासं)। यहां ग्रामीण क्षेत्रों में फरवरी के मध्य से ही गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, जबकि न्यूनतम तापमान 15 से 16 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया जा रहा है। रात में भी गर्मी महसूस होने लगी है, जिससे घरों और प्रतिष्ठानों में पंखे चलने लगे हैं।

स्थानीय लोगों ने बताया कि सामान्य रूप से होली तक हल्की सर्द हवाएं चलती हैं। लेकिन इस वर्ष होली से लगभग 15 दिन पहले ही तापमान में तेजी से वृद्धि हुई है। यदि तापमान इसी गति से बढ़ता रहा तो होली से पूर्व ही पारा 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच सकता है। बढ़ती गर्मी का सीधा असर रबी की फसलों पर दिखना शुरू हो गया है। सरसों, गेहूं, जौ और चना जैसी फसलें समय से पहले मुरझाने लगी हैं। खेतों में नमी तेजी से कम हो रही है, जिससे इन फसलों को पर्याप्त पानी की आवश्यकता है। रतनीसर के किसान मदन शर्मा ने बताया कि वर्तमान में बिजली का पूरा वोल्टेज नहीं मिल रहा है। 400 वोल्ट के बजाय केवल 220 वोल्ट की आपूर्ति की जा रही है।


**आम सूचना**

मैं शिव प्रसाद सक्सेना पुत्र श्री कुंवर बहादुर सक्सेना जाति सक्सेना उम्र80वर्ष निवासी पता-महावतों की गली, जोशीवाड़ा बीकानेर का हूं। जोकि मेरा पुत्र भूपेन्द्र कुमार सक्सेना व उसकी पत्नि उर्मिला सक्सेना ओर इनका पुत्र अनिल सक्सेना व इसकी पत्नि काजल सक्सेना निवासी रामपुरा बस्ती गली नम्बर 1बी. लालगढ़, बीकानेर में रहते है। मेरा इनके घर आना-जाना नही है। मैने वर्तमान में इन चारों से सम्बन्ध विच्छेद (समाप्त) कर दिये है। अगर कोई भी व्यक्ति इनसे रूपये-पैसों का लेन-देन करेगा तो इसमें मेरी जिम्मेदारी नही होगी।

भवदीय

शिवप्रसाद सक्सेना पुत्र स्व.कुंवर बहादुर सक्सेना मोबाईल नं.-926146499


## पेयजल व्यवस्था को लेकर भाजपा नेता अधीक्षण अभियंता से मिले



भगवान सिंह मेड़तिया व भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष वेदव्यास सहित प्रतिनिधिमंडल ने जलदाय विभाग के एसई से मुलाकात की।

**बीकानेर,** (कासं)। आगामी गर्मी को देखते हुए बीकानेर में जल संकट की आशंका के बीच भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने जलदाय विभाग के अधिकारियों से मुलाकात कर शहर में सुचारू और नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई है।

बीकानेर में पेयजल व्यवस्था को लेकर भाजपा नेताओं ने अधीक्षण अभियंता राजेश पुरोहित से विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि गर्मियों के दौरान शहर में पानी की किल्लत हर वर्ष बड़ी समस्या बन जाती है। इसलिए अभी से ठोस और स्थायी समाधान जरूरी है। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डॉ. भगवान सिंह मेड़तिया ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी, राजपुरोहितों का मोहल्ला और भुट्टो के बास जैसे क्षेत्रों में 24 घंटे जलापूर्ति का दावा किया गया था। लेकिन वर्तमान में केवल 2 घंटे ही पानी मिल रहा है। उन्होंने बीछवाल जलाशय से अलग पाइपलाइन डालकर नियमित 24 घंटे सप्लाई सुनिश्चित करने की मांग की।

भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष वेदव्यास ने कहा कि बीकानेर शहर के परकोटे के अंदरूनी इलाकों में भी जल संकट गंभीर है। उन्होंने विभाग से जल वितरण का निश्चित समय तय करने की मांग की ताकि आमजन को अनिश्चितता और परेशानी से राहत मिल सके। विक्रम सिंह राजपुरोहित ने कहा कि नहरबंदी के दौरान प्रशासन के द्वारा बीकानेर में पानी के टैंकर से जो सप्लाई दी जाती है उनमें पारदर्शिता से होना चाहिए।

निजी पानी टैंकर संचालकों को कम और फिक्स दरों के लिए पाबंद किया जाये ताकि ज्यादा राशि ना वसूले। प्रतिनिधिमंडल में युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह भाटी और मीडिया संयोजक भव्य दत्त भाटी भी शामिल रहे। भाजपा नेताओं ने प्रशासन से मांग की है कि जलापूर्ति व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग कर शहरवासियों को पर्याप्त और समयबद्ध पानी उपलब्ध कराया जाए, ताकि आगामी गर्मी में बीकानेर को जल संकट से बचाया जा सके।

## शादी समारोह में हथौड़े से हमला

**चूनावढ़,** (निसं)। श्रीगंगानगर जिले के चूनावढ़ थाना क्षेत्र के गांव 9 जी छोटी में शादी समारोह के दौरान एक युवक पर हथौड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना दोपहर करीब 3 से 4 बजे के बीच की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार गांव 9 जी छोटी निवासी जसकरण सिंह पुत्र बीला सिंह की बहन का विवाह समारोह चल रहा था। इसी दौरान एक युवक ने पीछे से आकर जसकरण सिंह के सिर पर हथौड़े से वार कर दिया। हमले में जसकरण गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके सिर पर सात-आठ टांके लगे हैं। घायल को पहले चूनावढ़ के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया जहां से हालत गंभीर होने पर उसे श्रीगंगानगर रेफर कर दिया गया।

हमले के बाद परिजनों ने आरोपी युवक का पीछा कर उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह पुत्र बलजीत निवासी 18 एपीडी बांडा, थाना समेजा कोठी के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आरोपी भी रिश्तेदार है। पुलिस ने आरोपी को राउंडअप कर लिया है और घायल के बयान दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## किसान की जेब से 35 हजार निकालकर फरार

■ बस स्टैंड पर बदमाशों ने किसान को बातों में उलझाकर जेब से रूपए निकाले

■ नया शहर थाना पुलिस ने बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी खंगाले और फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाशी शुरू की

**बीकानेर,** (कासं)। यहां सोमवार को दिनदहाड़े दो बदमाशों ने एक किसान की जेब से रूपए निकाल लिए। इसके बाद वे मौका देख वहां से फरार हो गए।

घटना शहर के पूगल फांटा बस स्टैंड पर सुबह की है। किसान को बदमाशों ने बातों में उलझाया और 35 हजार रूपए लेकर फरार हो गए। बीकानेर शहर के पूगल फांटा बस स्टैंड स्थित एक आयरन स्टोर के आगे फल की दुकान है। यहां पर किसान फल खरीद रहा था। उसने 35 हजार रूपए के नोटों की गड्डी को जेब में डाला। तभी दो बदमाश आये और उसे बातों में उलझा दिया। बातों ही बातों में वे उसके जेब से रूपए निकाल वहां से फरार हो गए। जब किसान ने जेब में हाथ डाले तो रूपए नहीं थे।

इसके बाद बस स्टैंड पर लगे सीसीटीवी खंगाले तो वहां पूरी घटना सामने आई। सूचना मिलने पर नया शहर पुलिस मौके पर पहुंची और फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाशी शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब 10 दिन पहले भी इसी स्थान पर चोरी की घटना हुई थी। बावजूद इसके चोरों के हौसले बुलंद हैं। पूगल फांटा बस स्टैंड और सब्जी मंडी क्षेत्र होने के कारण यहां दिनभर भारी भीड़ रहती है, जिसका फायदा उठाकर चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। लगातार हो रही चोरियों से दुकानदारों और राहगीरों में रोष है। लोगों ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त बढ़ाने और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को जल्द चिन्हित कर गिरफ्तार किया जायेगा।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की आर से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में शील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्याः** एस. एंड टी- बी.के. एन/25-26/06R **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर मंडल के 54 स्टेशनों (64 स्थानों) पर सभी PRS और UTS सह-PRS काउंटरों पर CCTV कैमरों की व्यवस्था । **अनुमानित लागत मूल्य रु.:** 56662312.64 **बिड सिक्यिरिटि राशि (रुपये में):** 433300.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** 10.03.2026 को 15.00 बजे तक **वेब साइट जहां निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है।:** www.ireps.gov.in 236-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## करणी मंदिर में भीड़ उमड़ी

**देशनोक,** (कासं)। देशनोक स्थित करणी माता मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लम्बी कतारें लगनी शुरू हो गई।

दूर-दराज से आये भक्तों ने माता के दरबार में पहुंचकर अपने परिवार की खुशहाली और सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंदिर परिसर दिनभर जय माता दी के जयकारों से गूंजता रहा। श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण ढंग से कतारों में लगकर दर्शन किए। माता को प्रसाद चढ़ाया और सच्चे मन से पूजा-अर्चना की। कुछ भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूरी होने पर माता का आभार भी व्यक्त किया। भीड़ को देखते हुए मंदिर द्वारा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।


**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

ई-निविदा सूचना संख्या 03-2026-GSU-BKN मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 09.03.2026 को 15:00 बजे तक निम्नानुसार खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- **निविदा संख्याः** 02-2026-GSU-BKN **कार्य का नाम व स्थानः** बीकानेर डिवीजन के अंतर्गत गजनेर और नाल रेलवे स्टेशनों पर मध्यम स्तर के प्लेटफॉर्म नंबर 1 और दियात्रा रोड रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 को उच्च स्तर तथा साहूवाला हॉल्ट स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को निम्न स्तर से उच्च स्तर और विस्तारित करने का प्रावधान। **अनुमानित लागत मूल्यः** Rs. 164808503.00 **बिड सिक्यूरिटी राशि (रूपये):** Rs. 974100.00 **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** बोली शुरू होने की तारीख 23/02/2026 और निविदा बंद होने की तारीख और समय 09.03.2026 को 15:00 बजे तक। **नोटः**- अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 237-AJ/26

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


## पीबीएम हार्ट हॉस्पिटल में लगेगी नई कैथलैब

■ 22 बैड का आईसीयू भी होगा, मरीजों को जल्दी इलाज मिलेगा

**बीकानेर,** (कासं)। पीबीएम हॉस्पिटल स्थित हल्दीराम मूलचंद गवर्नमेंट कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर में एडवांस टेक्नोलॉजी की कैथलैब लगेगी और 20 बैड का आईसीयू बनेगा। इससे मरीजों को इलाज जल्दी मिलेगा। सेम डे ही उनकी एंजियोग्राफी सहित हृदय से संबंधित प्रोसेस हो सकेंगे।

हल्दीराम हार्ट सेंटर में पहले से ही दो कैथलैब चल रही हैं। तीसरी कैथलैब के लिए अलग से कक्ष तैयार किया जायेगा। नई कैथलैब खरीदने के लिए टेक्निकल स्पेसिफिकेशन तैयार हो रहा है। नई हाई टैक्नोलॉजी की कैथलैब खरीदने के लिए सरकार ने 6.54 करोड़ का बजट मंजूर किया है। तीन महीने में इसकी टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जायेगी और नवम्बर तक कैथलैब इंस्टॉल होगी। इसके साथ ही 20 बैड का आईसीयू भी बनेगा। इसके लिए एक करोड़ 65 लाख रूपए के प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजे गए हैं। बता दें इस कैथलैब की बजट घोषणा कांग्रेस सरकार में हुई थी। तत्कालीन सरकार ने आठ मेडिकल कॉलेजों में कैथलैब की घोषणा की थी। खरीदने की प्रक्रिया भी पूरी हो गई, लेकिन चिकित्सा शिक्षा निदेशालय ने किसी कारणवश खरीद निरस्त कर दी।

एसपी मेडिकल कॉलेज प्रशासन और हृदय रोग विभाग तीन साल से कैथलैब लगाने का प्रयास रहा था, जो अब जाकर सफल हुआ है।

## निजी बसों के चक्के 23 से जाम

**बीकानेर,** (कासं)। निजी बस संचालकों ने परिवहन विभाग की 20 साल पुराने वाहनों पर कार्रवाई के विरोध में आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर दिया है।

बीछवाल रोड स्थित एक भवन में आयोजित बीकानेर बस एसोसिएशन की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से निणन्य लिया गया कि राजस्थान बस एसोसिएशन के आव्हान पर 23 फरवरी से समस्त निजी बसों के चक्के अनिश्चितकाल के लिए जाम होंगे।

बैठक में अध्यक्ष समुन्दर सिंह राठौड़, जगमाल सिंह, हिम्मत सिंह, हिम्मत सिंह शेखावत, धर्माराम पारीक, जगदीश गुर्जर, महावीर सिंह शेखावत सहित बड़ी संख्या में बस ऑपरेटर उपस्थित थे। संचालकों ने आरोप लगाया कि नियम एस-052, 153 एवं 119 (वर्ष 2019 व 2025 में लागू) की आड़ में 20 वर्ष पुराने वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है।

## 35 करोड़ खर्च, फिर भी दो घंटे ही पानी मिल रहा है

■ 6 साल पहले अमृत योजना के तहत एक पायलट प्रोजेक्ट आया। इसमें एक कॉलोनी में 24 घंटे पानी सप्लाई की स्कीम लांच करनी थी। इसके लिए इंदिरा कॉलोनी और सुभाषपुरा को चुना गया

**बीकानेर,** (कासं)। पांच साल पहले इंद्रा कॉलोनी और सुभाषपुरा क्षेत्र के लोगों को सपने दिखाए गए कि उनके यहां सातों दिन 24 घंटे पानी जलापूर्ति होगी। ये एक पायलट प्रोजेक्ट था। इसके लिए लालगढ़ स्टेशन के पास स्पेशल पानी की टंकी भी बनी। 35 करोड़ का ये प्रोजेक्ट लाल फीताशाही का शिकार हो गया।

नतीजा पायलट प्रोजेक्ट होने के बाद भी यहां सिर्फ 2 घंटे ही पानी आ रहा है। 24 घंटे पानी देने के लिए बीछवाल से एक अलग से स्पेशल लाइन आनी थी जो लाई नहीं गई। किसान भवन के सामने से ही टी-प्वाइंट बनाकर कनेक्शन लेकर टंकी में पानी पहुंचाया। इसलिए प्रोजेक्ट फेल हो गया। दरअसल 6 साल पहले अमृत योजना के तहत एक पायलट प्रोजेक्ट आया। इसमें एक कॉलोनी में 24 घंटे पानी सप्लाई की स्कीम लांच करनी थी। इसके लिए इंदिरा कॉलोनी और सुभाषपुरा को चुना गया। पहले इन कॉलोनियों में गंदा पानी सप्लाई होता था। पुराने कनेक्शन नाले और नालियों से होकर जाते थे। बाद में जब पायलट प्रोजेक्ट का काम शुरू हुआ तो प्रत्येक उपभोक्ता का कनेक्शन नए सिरे से हुआ। स्टील के पाइप डाले गए।

इस काम के लिए अमृत योजना से पीएचईडी को 35 करोड़ रूपए मिले थे। उससे काम हुआ था। इस प्रोजेक्ट को लेकर करीब 30 से 40 हजार की आबादी को राहत मिलने वाली थी। ये ठीक उसी तरह का काम था जो हाल ही में देशनोक के लिए मंजूर हुआ है। मगर पीएचईडी अधिकारियों ने इस प्रोजेक्ट को कैसे तहस-नहस किया इसका उदाहरण अमृत योजना का ये प्रोजेक्ट है। इसी प्रोजेक्ट के लिए जो पहले सप्लाई करणी सिंह स्टेडियम टंकी से होती थी। उसकी जगह सुभाषपुरा वाली टंकी से शुरू कराई गई। इसके तहत 1950 कनेक्शन भी किए गए।


Aavas FINANCIERS LTD

SAPNE AAPKE SAATH HAMAARA

**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड**

(सीआईएनः L65922RJ2011PLC034297)

पंजीकृत एवं निगमित कार्यालयः 201-202, द्वितीय मंजिल, साउथ एंड स्कायर, मानसरोवर इंडस्ट्रीयल एरिया, जयपुर-302020, राजस्थान, भारत | फोनः +91 141 661 8800 फैक्सः +91 141 661 8861 | ईमेलः info@aavas.in | वेबसाइटः www.aavas.in

**सार्वजनिक सूचना**

**बीकानेर ब्रांच बंद करने और बीकानेर श्रीगंगानगर रोड ब्रांच को दूसरी जगह शिफ्ट करने की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड अपनी **बीकानेर शाखा** स्थित **दुसरी मंजिल, प्लॉट नंबर 8, रेलवे ओवरब्रिज के पास, रानी बाजार, राजस्थान** को स्थायी रूप से बंद करने जा रहा है। इस शाखा का विलय अपनी **बीकानेर श्रीगंगानगर रोड शाखा** स्थित **पहली मंजिल, नोखा एग्रो सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, सीआर टॉवर, आरसीपी कॉलोनी के सामने, श्रीगंगानगर रोड, बीकानेर-334001** में कर दिया जाएगा। यह विलय इस नोटिस की तारीख के तीन महीने बाद से प्रभावी होगा। इसके अतिरिक्त, **बीकानेर श्रीगंगानगर रोड शाखा** भी अपने नए पते— **प्लॉट नंबर सी-9, प्रथम तल, समता नगर, उरमल डेयरी के सामने, श्रीगंगानगर रोड, बीकानेर, राजस्थान-334001** पर स्थानांतरित हो जाएगी। यह स्थानांतरण भी इस नोटिस की तारीख के तीन महीने बाद से ही प्रभावी होगा। **बीकानेर और बीकानेर श्रीगंगानगर रोड शाखा** के सभी ग्राहकों से अनुरोध है कि वे कृपया ध्यान दें कि शाखा बंद होने और स्थानांतरण के पश्चात, उनके ऋण खाते और संबंधित सेवाओं का संचालन बीकानेर श्रीगंगानगर रोड शाखा के नए पते **प्लॉट नंबर सी-9, पहली मंजिल, समता नगर, उरमल डेयरी के सामने, श्रीगंगानगर रोड, बीकानेर, राजस्थान - 334001** द्वारा सुचारू रूप से संचालित की जाएंगी। किसी भी सहायता के लिए, ग्राहक हमारे हेल्पलाइन नंबर 1800-20-888-20 पर या अपनी निकटतम शाखा पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के लिए**

**स्थानः जयपुर** **एसडी/-**

**दिनांकः 17 फरवरी 2026** **अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**


# संविदा नर्सिंग अधिकारी भर्ती में भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी गठित



कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने नर्सिंग अधिकारी भर्ती में कथित भ्रष्टाचार पर कलेक्टर नम्रता वृष्णि को ज्ञापन सौंपा।

**बीकानेर,** (कासं)। जिला कांग्रेस कमेटी देहात व शहर के तत्वावधान में कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने नर्सिंग अधिकारी भर्ती में कथित भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि पन्नाधाय प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से पीबीएम अस्पताल में 210 नर्सिंग अधिकारियों की संविदा भर्ती प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं व भ्रष्टाचार सामने आया है। भर्ती प्रक्रिया में प्रत्येक उम्मीदवार से एक से ढाई लाख रूपये तक की कथित अवैध वसूली किए जाने के आरोप हैं।

इस संबंध में बीकानेर पश्चिम विधायक द्वारा भी सार्वजनिक मंच से कथित भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने मांग की है कि पूरे मामले की समयबद्ध और स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा जांच पूरी होने तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। इस पर जिला कलेक्टर ने कहा कि पीबीएम नर्सिंग संविदा भर्ती भ्रष्टाचार मेरे संज्ञान में नहीं हैं। जबकि भाजपा विधायक जिस उद्घाटन समारोह में मंच पर भ्रष्टाचार के विषय में बोल रहे थे। उसी कार्यक्रम में जिला कलेक्टर स्वयं मौजूद थी। जिला कलेक्टर के इस जवाब से असंतुष्ट कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने जिला कलेक्टर चैम्बर के बाहर धरना दिया।

इसी दौरान दोनों अध्यक्षों ने संभागीय आयुक्त से वार्ता की तो उन्होंने संभागीय आयुक्त कार्यालय में आने के लिए कहा। संभागीय आयुक्त ने उपस्थित कांग्रेसजनों के सामने ही तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को संविदाकर्मी भर्ती से संबंधित समस्त फाइलें संभागीय आयुक्त कार्यालय में तलब की तथा जांच होने तक संविदा नर्सिंग स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगाने के आदेश दिये। जांच कमेटी में अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जसवंत सिंह, जिला कोषाधिकारी धीरज जोशी, संभागीय आयुक्त कार्यालय के सहायक लेखाधिकारी-प्रथम राजकुमार को जांच कमेटी में शामिल किया गया है।

## 21 से सरसों की खरीद शुरू

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। किसानों के लिए इस बार राहत की खबर है। सरकार ने इस बार मार्च से ही सरसों की सरकारी खरीद शुरू करने की तैयारी कर ली है। प्रदेश में इस बार मार्च के पहले सप्ताह से ही सरसों की खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन व 21 मार्च से खरीद शुरू होने की संभावना जताई जा रही है।

सरसों खरीद के लिए श्रीगंगानगर जिले में 42 व हनुमानगढ़ जिले में 20 केन्द्र प्रस्तावित है। सरसों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए खरीद एजेंसी राजफैड ने तैयारी शुरू कर दी है। खरीद एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि सरसों खरीद के बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था है।

मार्च के प्रथम सप्ताह से सरसों खरीद के लिए रजिस्ट्रेशन व 21 मार्च से खरीद शुरू किए जाने की संभावना है। प्रस्तावित खरीद केन्द्र दोनों जिलों में इस बार 62 हैं। इसके अलावा किसानों की सुविधा के अनुसार कई अन्य स्थानों पर खरीद केन्द्र खोलने के प्रस्ताव भी जल्दी भेजे जायेंगे।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्तगण **1. वीरेंद्र चरण, पुत्रः नरेंद्र सिंह, निवासीः गाँव- बोबासर, सुजानगढ़, जिला-चुरू, राजस्थान, 2. रोहित गोदारा, पुत्रः संत दास, निवासीः गाँव-लूणकरण, जिला-बीकानेर, राजस्थान** ने **FIR No.:273/2024, Dated: 10/11/2024, U/s: 308(4)/351(4)/61(2)** भारतीय न्याय संहिता-2023, **पुलिस थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **1. वीरेंद्र चरण, 2. रोहित गोदारा** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **1. वीरेंद्र चरण, 2. रोहित गोदारा** फरार हो गऐं है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना शाहीन बाग, दिल्ली** के अभियुक्तगण **1. वीरेंद्र चरण, 2. रोहित गोदारा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 25.03.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**

**श्री मिर्दुल गुप्ता**

**एलडी. सीजेएम-26, नई दिल्ली जिला, ग्राउंड फ्लोर, अनुलग्नक बिल्डिंग पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/2026/SPL.CELL/2026**